---

01. केंद्रीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने पटना में जय भीम पदयात्रा और विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम में भाग लिया।

02. श्री मांडविया ने युवाओं से बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के विजन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण से प्रेरणा लेने की अपील की।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया कल खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लोगो और शुभंकर का अनावरण करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में बारिश तथा वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की।

---

केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने देश के युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में योगदान करने और बाबा साहब भीम राव आंबेडकर समानता, न्याय और बंधुत्व के विजन पर काम करने की अपील की है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में जय भीम पदयात्रा के शुभारंभ से पहले नेहरू युवा केन्द्र संगठन, एन.एस.एस, एन.सी.सी और भारत स्काउट गाइड के स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए डॉ मांडविया ने कहा कि युवाओं को बाबा साहब के बताया रास्ते पर चलना चाहिए। अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और भारत के संविधान से प्रेरणा लेनी चाहिए।

–––बाइट–––

डॉ मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को विकसित बनाने के लिए पंच प्रण के माध्यम से रास्ता बताया है। हमें राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करना चाहिए और विरासत पर गर्व करना चाहिए।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री मोदी के विजन का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम ने कहा देश को विकसित बनाने के लिए एक लाख युवा नेतृत्व को जोड़ने का अभियान चल रहा है। माई भारत प्लेटफार्म से करीब पौने दो करोड़ युवा जुड़ चुके हैं। माई भारत कार्यक्रम सामाजिक कार्यक्रम के अलावा भागीदारी और समानता की भावना के आधार पर मंच उपलब्ध कराता है।

---बाइट---

बाबा साहब आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर देश भर में आज पांच हजार स्थानों पर जय भीम यात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा संविधान के पचहत्तर साल पूरे होने पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की एक कड़ी है। पटना में गांधी मैदान से शुरु होकर यह यात्रा जेपी गोलंबर, डाक बंगला चौराहा सहित विभिन्न हिस्सों से गुजरते हुए पटना हाईकोर्ट स्थित बाबा साहब की आदम कद प्रतिमा के पास पहुंची। यहाँ डॉ मांडविया ने स्वच्छता अभियान में भी भाग लिया। डॉ मांडविया ने इस अवसर एन.एस.एस के सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवकों, यंग अचीवर्स और युवा संसद के विजेताओं से बातचीत की। पदयात्रा में लगभग छह हजार स्वयं सेवक शामिल हुए। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, विधान सभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, एनडीए के कई सांसदों और विधायकों ने भी हिस्सा लिया।

इधर, डॉक्टर मांडविया ने पटना के ललित नारायण मिश्रा संस्थान और बीआईटी, पटना में विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम—युवा कनेक्ट में युवाओं के साथ संवाद किया।

---बाइट---

---

इधर, जदयू की ओर से आज पटना के बापू सभागार में भीम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी सरकार दलितों और पिछड़ों सहित सभी वर्गों के लिए काम कर रही है।

———बाईट———

वहीं, राजद ने कल प्रदेश के सभी पंचायतों के दलित टोलों में अम्बेदकर जयंती मनाने का निर्णय लिया है।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर के सपने को साकार करने का काम किया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सरकार बनेगी।

———बाइट———

---

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान निर्माता भीमराव अम्बेदकर के संविधान की भावनाओं के अनुरूप इस देश से गरीबी मिटाकर एक सशक्त समाज बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

———बाइट———

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आज देश के युवा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आजादी की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए एक मजबूत और गौरवशाली राष्ट्र की नींव रख रहे हैं। श्री सिन्हा ने गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राष्ट्रवाद की यह नींव एकजुट भारत बनाने में मदद करेगी।

———बाइट———

---

राज्य में चार से पन्द्रह मई तक आयोजित हाने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स, दो हजार पच्चीस के प्रतीक और शुभंकर का अनावरण कल किया जायेगा। मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री इसका अनावरण करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहेंगे। वहीं, केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया खेलो इंडिया यूथ गेम्स के थीम सांग, मशाल और जर्सी का अनावरण शाम छह बजे पटना के ज्ञान भवन में करेंगे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन राज्य के पाँच जिलों पटना, नालंदा, गया, भागलपुर और बेगूसराय में किया जायेगा।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में न्याय के साथ सभी वर्गों का विकास किया जा रहा है। श्री चौधरी ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पहले राज्य में पटना विश्वविद्यालय सहित केवल दस विश्वविद्यालय थे, जबकि आज तैंतीस विश्वविद्यालय राज्य के युवाओं को शिक्षित करने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता भी उपस्थित थे।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने आज पार्टी कार्यालय में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल की पुण्यतिथि पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यमंत्री संजय सरावगी के साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

बिहार भाजपा ने कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पार्टी के मीडिया प्रमुख दानिश इकबाल ने बताया कि कन्हैया कुमार की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर यह प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

———बाइट———

———————————————————————————

बैसाखी का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी।

———बाइट———

बैसाखी का जश्न चारों तरफ है रंग–बिरंगे परिधानों में श्रद्धालुओं का सैलाब श्री आनंदपुर साहिब में गुरुद्वारा तख्त श्री केसगढ़ साहिब में नतमस्तक हो रहा है। जहां 326 वर्ष पहले आज ही के दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी। श्रद्धालुओं द्वारा राज्यभर में लंगर और छबीलों का भी आयोजन किया जा रहा है। किसानों द्वारा वाहेगुरु से शरबत का भला की प्रार्थना करने के बाद अपने खेतों में खड़ी सुनहरी गेहूं की फसल की औपचारिक कटाई शुरू कर दी गई है। राष्ट्र आज उन सैंकड़ों निर्दोष भारतीयों को भी याद कर रहा है जिन्हें ब्रिटिश फौजी अधिकारी डायर ने जलियांवाला बाग में उस वक्त मार डाला था जब वे वर्ष 1919 में बैसाखी के दिन एकत्रित हुए थे। राजेश बाली, आकाशवाणी समाचार, जालंधर।

इधर, खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह के जन्मस्थान पटना स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दूर–दूर से श्रद्धालु कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां शहीदों की अदम्य भावना को हमेशा याद रखेंगी। श्री मोदी ने कहा कि शहीदों का बलिदान भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण अध्याय है।

———————————————————————————

पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा, किशनगंज, बांका और भागलपुर सहित प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गई। प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से दो से चार डिग्री सेल्सियस कम रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने बताया कि सोलह अप्रैल तक राज्य में मौसम में उतार–चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। इस दौरान प्रदेश के कई जिलों में वज्रपात के साथ बारिश हो सकती है।

01. केंद्रीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने पटना में जय भीम पदयात्रा और विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम में भाग लिया।

02. श्री मांडविया ने युवाओं से बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के विजन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण से प्रेरणा लेने की अपील की।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया कल खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लोगो और शुभंकर का अनावरण करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में बारिश तथा वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की।

समाप्त